**पाठ 10 सूर्योदय फिर होगा....**

**मुख से**

**क) मर्दानी पोशाक के साथ-साथ रानी ने क्या-क्या धारण किया?**

उत्तर- मर्दानी पोशाक के साथ रानी ने गले में मोतियों की माला, हीरे का तुर्रा लगी पगड़ी, लाल साफ़ा और हाथों में लोहे के दस्तानें और भुजबंद पहने थे।

**ख) रानी लक्ष्मीबाई गुल मोहम्मद से क्या आशा कर रही थीं?**

उत्तर- रानी को गुल मोहम्मद से कल जैसा जौहर देखने की आशा थी।

**ग) रघुनाथ सिंह को रानी ने क्या आदेश दिया?**

उत्तर- रानी ने रघुनाथ सिंह को उनके निकट ही रहने का आदेश दिया।

**घ) अंग्रेजी सेना के धुएंदार गोलों के बीच रानी की रक्षा कौन कर रहा था?**

उत्तर- अंग्रेज़ी सेना के धुएंदार गोलों के बीच रामचंद्रराव रानी की रक्षा कर रहा था।

**कलम से**

1. **(क) युद्ध में जाने के लिए क्या तैयारियां चल रही थीं? रानी ने मुंदरबाई को क्या आदेश दिए।**

उत्तर- युद्ध में जाने के लिए विशेष वस्त्र धारण किए गए। घोड़े को बदला गया। रामचंद्र राव ने दामोदर को पीठ पर बांधा और रानी ने मुंदरबाई को आदेश दिया कि दामोदर को कुछ खिला दो और सब लोग खा लें। रानी केवल शरबत पीएंगी।

**ख) रानी का मन घोड़े की ओर से शंका से क्यों भर गया?**

उत्तर- रानी ने घोड़े को एड़ लगाई तो वह हिचका और फिर तेज़ हुआ इससे रानी का मन शंका से भर गया।

**ग) युद्ध की कठिन घड़ी का रानी कैसे सामना कर रही थीं? उन्हें हर घड़ी क्या चिंता थी?**

उत्तर- युद्ध की कठिन घड़ी का रानी बड़ी वीरता से सामना कर रही थीं। वे दोनों हाथों की तलवारों से काट करती हुई आगे बढ़ रही थीं। उन्हें हर घड़ी यह चिंता थी कि गोरे उनके शरीर को हाथ ना लगा पाएं।

**घ) रघुनाथ सिंह ने युद्ध में क्या भूमिका निभाई?**

**उत्तर-** रघुनाथ सिंह ने युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुंदरबाई के गिर जाने पर उसे घोड़े पर बांधा और रानी को बाबा गंगादास की कुटिया में पहुंचाकर दोनों शवों को जला दिया। उन्हें अंग्रेज़ों के हाथ नहीं लगने दिया।

**ङ) नाले के समक्ष रानी और अंग्रेज़ों की मुठभेड़ का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।**

**उत्तर-** नाले के समक्ष रानी के सामने चार-पांच अंग्रेज़ थे। उन्होंने घोड़े को एड़ दी, पर वह अड़ गया। कुछ करने पर भी आगे नहीं बढ़ा। उन्होंने सामने आए अंग्रेज़ों के दो टुकड़े कर दिए, फिर तीन और अंग्रेज सामने आए, रानी ने आग लगाई, उनकी जांघ में चोट लगी थी जो काम नहीं कर रही थी। गुल मोहम्मद ने गिरती हुई रानी को संभाला और एक अंग्रेज को मार गिराया, दूसरे के घोड़े को मार दिया और तीसरा भाग खड़ा हुआ।

**च) रानी और मुंदरबाई का अंतिम संस्कार किस प्रकार किया गया?**

उत्तर- रानी का शव रामचंद्र राव ने बाबा गंगादास की कुटिया में ले जाकर अपनी वर्दी पर रखा। मुंदरबाई का शव रघुनाथ सिंह ने अपनी वर्दी पर रखा। बाबा गंगादास ने मुंह में जल डाला। रानी के मुंह से ओम निकला। उसके बाद उन दोनों का शव कुटिया में रखकर उन्होंने कुटिया में आग लगा दी।

____________________&&&&________________&&&&&______&&&&________________&&&&&_____